भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3235
बुधवार, 9 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौतें

†3235. सुश्री देबाश्री चौधरी:
श्री वी. के. श्रीकंदन:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री तीरथ सिंह रावत:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कुछ राज्यों में आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आकाशीय बिजली को प्राकृतिक आपदा घोषित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) देश के विभिन्न राज्यों में बिजली गिरने से राज्य-वार कितने लोगों की मौत हुई है;

(ग) क्या राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार केवल वर्ष 2021 में ही आकाशीय बिजली गिरने से 2,880 लोगों की मौत हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों में से 96 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं और इनमें से 77 प्रतिशित किसान हैं;

(ङ) क्या सरकार द्वारा मृतक के परिवार को अनुकम्पा के आधार पर एक निश्चित राशि के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) वर्तमान में राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (NDRF) / राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) सहायता के लिए पात्र आपदाओं की अधिसूचित सूची में 12 आपदाएं नामत: चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओला तूफान, भूस्खलन, हिमस्खलन, बादल फटना, कीट हमला तथा तुषार एवं शीत लहर शामिल हैं। आपदाओं की वर्तमान अधिसूचित सूची में और अधिक आपदाएं शामिल किये जाने के मुद्दे पर 15वें वित्त आयोग में विचार किया गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 8.143 में कहा था कि राज्य आपदा मोचन शमन निधि (SDRMF) और राष्ट्रीय आपदा मोचन शमन निधि (NDRMF) से सहायता हेतु पात्र अधिसूचित आपदाओं की सूची काफी हद तक राज्य की जरूरतों को कवर करती है, और इस प्रकार इसके सीमा-क्षेत्र को विस्तारित किये जाने के अनुरोध में उन्हें मेरिट नहीं प्रतीत हुई।

(ख) बिजली गिरने के कारण लोगों की होने वाली मौतों की संख्या का राज्य वार विवरण राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) जी हां। अनुलग्नक-I में विवरण दिया गया है।

(घ) जी हाँ।

(ङ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के माध्यम से गरज के साथ तूफान तथा उससे सम्बन्धित मौसमी घटनाओं का पूर्वानुमान एवं चेतावनी 5 दिन पहले जारी करता है तथा नियमित रूप से नवीनतम जानकारी प्रदान करता है। प्रभावित परिवारों को दी जाने वाली सहायता सम्बन्धित राज्य सरकारों के क्षेत्राधिकार में आती है।

(च) भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) गर्ज के साथ तूफान तथा उससे संबद्ध घटनाओं जैसे कि बिजली गिरने संबंधी पूर्वानुमान सभी समय पैमानों पर प्रदान करता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा पांच दिन से लेकर 3 घंटे तक के समय पैमाने पर परिमाणात्मक चेतावनी जारी की जाती है, जिसे घटित होने वाले मौसम के अपेक्षित प्रभाव के आधार पर कलर कोडेड किया जाता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा गर्ज के साथ तूफान और उससे संबद्ध मौसम जैसे कि प्रचण्ड सतही हवाएं, ओला, बिजली गरने और वर्षा के लिए एक से लेकर तीन घंटे पहले ही आम जनता और आपदा प्रबंधकों को नाऊकास्ट जारी किया जाता है। यह सूचना विशेष रूप से घटना वाले जिला / कस्बे, तथा गर्ज के साथ तूफान वाली घटना से संबद्ध कठोर मौसम की घटनाओं में अपेक्षित प्रभाव के लिए होती है। यह सूचना IMD वेबसाइट, मोबाइल ऐप आधारित अलर्ट (*मेघदूत, मौसम*), एसएमएस, ईमेल और स्थानीय भाषा में व्हाट्सऐप मैसेज के माध्यम से प्रेषित की जाती है। वर्तमान में IMD की वेबसाइट पर, भारत के 732 जिलों तथा पूरे देश के 1089 महत्वपूर्ण शहरों / कस्बों के लिए चौबीसों घंटे हर 3 घंटे के अंतराल पर चेतावनी जारी की जाती है। जब वास्तविक घटना होने का समय निकट आ जाता है, तो दामिनी मोबाइल ऐप (भारतीय ऊष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा इसे विकसित एवं इसका रखरखाव किया जाता है) अंतिम 15 मिनट के दौरान उपयोगकर्ता की निकटता (40 किमी) में बिजली गिरने की घटना संबंधी सूचना उसके मोबाइल पर प्रदान करता है, और साथ ही अगले आधे घंटे के दौरान उस घटना की संभावना के बारे में भी सूचना प्रदान करता है।

अनुलग्नक-I

राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	2019	2020	2021
आंध्र प्रदेश #	109	93	100
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
असम	28	14	16
बिहार	400	436	286
छत्तीसगढ़	212	246	230
गोवा	2	0	1
गुजरात	64	78	40
हरियाणा	11	3	11
हिमाचल प्रदेश	1	5	4
झारखंड	334	336	254
कर्नाटक	99	75	121
केरल	15	8	15
मध्य प्रदेश	400	429	496
महाराष्ट्र	189	182	238
मणिपुर	0	0	0
मेघालय	7	8	7
मिजोरम	1	0	0
नगालैंड	0	1	0
ओडिशा	271	275	287
पंजाब	7	8	13
राजस्थान	88	48	132
सिक्किम	0	0	0
तमिलनाडु	57	64	109
तेलंगाना #	96	64	66
त्रिपुरा	10	5	4
उत्तर प्रदेश	321	304	219
उत्तराखण्ड	2	10	1
पश्चिम बंगाल	147	170	228
कुल राज्य	**2871**	**2862**	**2878**
अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1	0	0
चंडीगढ़	2	0	0
दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव @ $	1	0	0
दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र	0	0	0
जम्मू एवं कश्मीर @ *	1	0	2
लद्दाख @	-	0	0
लक्षद्वीप	0	0	0
पुडुचेरी	0	0	0
कुल संघ राज्य क्षेत्र	**5**	**0**	**2**
कुल (समस्त भारत)	**2876**	**2862**	**2880**

*****